Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# 68th BPSC Mains

## Previous Year Paper

### (General Studies)

### 17 May, 2023

Teachingninja.in

03/FH/CC/M-2023-03

**Student's Copy**

# General Studies—II

Time : 3 Hours ] [ Full Marks : 300

## Section—I
## खण्ड—I

**1.** Write short answer of the following questions :

निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए :

(a) Analyse critically the dynamic secularism in India. 8

भारत में गत्यात्मक धर्म-निरपेक्षता को आलोचनात्मक दृष्टि से विश्लेषित कीजिए।

(b) Regional politics plays its role in India. Explain. 8

भारत में क्षेत्रीय राजनीति अपनी भूमिका निभाती है। व्याख्या कीजिए।

(c) The positive directions in the Constitution of India are as a charter of social and economic democracy in the country. Explain with examples. 8

भारत के संविधान में सकारात्मक निर्देश देश में सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र के एक चार्टर के रूप में हैं। उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

(d) Explain the judicial review jurisdiction of the Supreme Court of India. 7

भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायिक पुनरावलोकन क्षेत्राधिकार को स्पष्ट कीजिए।

(e) Bihar has witnessed improvement in its political culture in last decades. Give examples. 7

बिहार ने पिछले दशकों में अपनी राजनीतिक संस्कृति में सुधार देखा है। उदाहरण दीजिए।

**2.** (a) "Paramountcy of National Interest is enshrined in the Zonal Councils in the country." Examine critically, the nature and working of the Zonal Councils in India, in the light of the above statement. 19+19=38

"क्षेत्रीय परिषदों के अंतर्गत देश में, राष्ट्रीय हित की सर्वोपरिता प्रतिष्ठापित है।" भारत में क्षेत्रीय परिषदों की प्रकृति एवं कार्यशैली का उपर्युक्त कथन के परिप्रेक्ष्य में, आलोचनात्मक दृष्टि से परीक्षण कीजिए।

*Or / अथवा*

(b) Caste plays a role in Indian politics. There is a change in its functioning over the decades. How do you look at its changing role over the last many decades? Does the logic of development subside the character of caste? Give your reasons. 38

जाति भारतीय राजनीति में एक भूमिका निभाती है। दशकों में इसके कामकाज में बदलाव आया है। आप पिछले कई दशकों में इसकी बदलती भूमिका को कैसे देखते हैं? क्या विकास का तर्क जाति के चरित्र को कमजोर करता है? अपने कारण दीजिए।

( Turn Over )

Teachingninja.in

3. (a) Election Commission of India has played an important role in conducting the elections. Critically examine its role in making the elections free and fair over the decades. Compliment your answer with reference to the conduct of elections in pre-Sheshan and post-Sheshan era in Bihar. How does it contribute to the strengthening of the democracy? 38

भारत के चुनाव आयोग ने चुनाव कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दशकों से चुनावों को स्वतंत्र और निष्पक्ष बनाने में इसकी भूमिका का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। बिहार में शेषन-पूर्व और शेषन युग के बाद चुनावों के संचालन के संदर्भ में अपने उत्तर के कारण दीजिए। यह लोकतंत्र को मजबूत करने में कैसे योगदान देता है?

**Or / अथवा**

(b) Discuss the composition and powers of the Rajya Sabha and identify its role as the Second Chamber of the Parliament. 38

राज्य सभा की संरचना एवं शक्तियों का विवेचन कीजिए तथा संसद के द्वितीय सदन के रूप में इसकी भूमिका का उल्लेख कीजिए।

## Section—II

## खण्ड—II

4. Write short answer of the following questions :

निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए :

(a) "National Logistics Policy, 2022 along with PM Gati Shakti Plan would revolutionise logistics efficiency in India." Elucidate. 8

"राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति, 2022 प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के साथ भारत में लॉजिस्टिक्स दक्षता में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी।" स्पष्ट कीजिए।

(b) Explain how Atal Innovation Mission (AIM) is promoting innovation and entrepreneurship across India. Discuss briefly various initiatives of Atal Innovation Mission like 'Mentor India', 'Atal Incubation Centres' and 'Atal New India Challenge'. 8

अटल इनोवेशन मिशन किस प्रकार पूरे भारत में नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा दे रहा है, व्याख्या कीजिए। 'मेंटर इंडिया', 'अटल इन्क्यूबेशन सेंटर्स' और 'अटल न्यू इंडिया चैलेंज' जैसे अटल इनोवेशन मिशन की विभिन्न पहलों पर संक्षेप में चर्चा कीजिए।

(c) Discuss the level of urbanization in Bihar. Explain at least two reasons for the low level of urbanization in the State. What are the recent initiatives taken by Bihar Government to push urbanization in the State? 8

बिहार में नगरीकरण के स्तर पर चर्चा कीजिए। राज्य में नगरीकरण के निम्न स्तर से संबंधित कम-से-कम दो कारणों की व्याख्या कीजिए। राज्य में नगरीकरण को बढ़ावा देने के लिए बिहार सरकार द्वारा हाल ही में क्या कदम उठाए गए हैं?

(d) What is Indian Ocean Dipole Movement? Explain how it was related to the erraticity of monsoons during the year 2022 in India. What was the effect of this erraticity on the food production and economy in India? 7

हिन्द महासागर द्विध्रुवीय गति क्या है? इसका वर्ष 2022 में भारत में मॉनसून की अनियमितता से क्या संबंध था, व्याख्या कीजिए। इस अनियमितता का भारत में खाद्य उत्पादन और अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ा?

(e) Discuss the incidence and effects of Rural-Urban digital divide in India. Examine the steps taken by the government to reduce it. 7

भारत में ग्रामीण-शहरी डिजिटल विभाजन की व्यापकता और प्रभावों पर चर्चा कीजिए। इसे कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का परीक्षण कीजिए।

( Continued )



Teachingninja.in

5. (a) Examine India's global trade engagements in 2022. What are the various initiatives taken by India to enhance trade? Suggest some ways to increase India's global trade engagements in future. 38

2022 में भारत के वैश्विक व्यापार संबंधों की जाँच कीजिए। व्यापार बढ़ाने के लिए भारत द्वारा की गई विभिन्न पहलें क्या हैं? भविष्य में भारत के वैश्विक व्यापार संबंधों को बढ़ाने के कुछ उपाय सुझाइए।

**Or / अथवा**

(b) According to the report released by the Telecom Regulatory Authority of India (TRAI) in February 2022, the Bihar Service area has tele-density of 53·71% as against all-India average of 85·91% at the end of December, 2021. Indicate the reasons for this situation. What is its impact? Examine the steps that can be taken to improve the situation. 38

फरवरी 2022 में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर 2021 के अंत में अखिल भारतीय औसत 85·91% के मुकाबले बिहार सेवा क्षेत्र में 53·71% टेली-घनत्व है। इस स्थिति के कारणों को इंगित कीजिए। इसका क्या प्रभाव है? स्थिति में सुधार के लिए उठाए जा सकने वाले कदमों की जाँच कीजिए।

6. (a) "Blue economy is identified as one of the ten core dimensions for national growth." In the light of the above statement, discuss its significance for the economy and list the steps taken by India to promote the blue economy. Are they sufficient? 38

"नीली अर्थव्यवस्था की पहचान, राष्ट्रीय विकास के दस मुख्य आयामों में से एक के रूप में की जाती है।" उपर्युक्त कथन के आलोक में, अर्थव्यवस्था के लिए इसके महत्त्व पर चर्चा कीजिए और नीली अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए भारत द्वारा उठाए गए कदमों की सूची बनाइए। क्या वे पर्याप्त हैं?

**Or / अथवा**

(b) On the basis of raw materials, divide Bihar into forest-based industries, agro-based industries and mineral-based industries. Substantiate your answer with neat sketches depicting the location of those industries. 12+14+12=38

कच्चे माल के आधार पर, बिहार को वन-आधारित उद्योगों, कृषि-आधारित उद्योगों और खनिज-आधारित उद्योगों में विभाजित कीजिए। उन उद्योगों की अवस्थिति को दर्शाने वाले स्वच्छ रेखाचित्रों द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

## Section—III

## खण्ड—III

7. Write short answer of the following questions :

निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए :

(a) What do you understand by Indigenization of Technology in Indian context? 8

भारतीय परिप्रेक्ष्य में 'तकनीक (प्रौद्योगिकी) का स्वदेशीकरण' से आप क्या समझते हैं?

(b) Explain why it is necessary for India to expand its nuclear energy program to meet the growing energy needs. Also write the precautions needed in nuclear program. 7

व्याख्या कीजिए कि बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत के लिए अपने परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम का विस्तार करना क्यों आवश्यक है। परमाणु कार्यक्रम में आवश्यक सावधानियाँ भी लिखिए।



Teachingninja.in

(c) Write the difference between internet and intranet. Explain how internet and intranet has changed the life of human beings. 7

इंटरनेट और इंट्रानेट में अंतर लिखिए। व्याख्या कीजिए कि किस प्रकार इंटरनेट और इंट्रानेट ने मनुष्यों के जीवन को बदल दिया है।

(d) Write a note on Technology-driven modernization of Bihar. 7

प्रौद्योगिकी–आधारित बिहार के आधुनिकीकरण पर एक नोट लिखिए।

(e) Discuss the role of nanotechnology in health sector. Mention with example how it is used for treatment of various diseases. 7

स्वास्थ्य क्षेत्र में नैनो-प्रौद्योगिकी की भूमिका पर चर्चा कीजिए। विभिन्न रोगों के उपचार में इसका उपयोग किस प्रकार किया जाता है, उदाहरण सहित उल्लेख कीजिए।

**8.** (a) Along with the advancements in the field of computer and communication technology, India has faced severe data threat both in public and government domain. Discuss various areas of cyber threat and the measures taken by the Central Government in each of them with the help of existing technology. 36

संगणक एवं संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति के साथ, आम जनजीवन एवं सरकारी तंत्र के परिक्षेत्रों में भारत डाटा-चोरी के गंभीर संकट से जूझ रहा है। डाटा-चोरी (साइबर थ्रेट) के उन विभिन्न क्षेत्रों की विवेचना कीजिए एवं इन सभी क्षेत्रों में केन्द्र सरकार द्वारा इसे रोकने के प्रयासों का वर्णन उपलब्ध तकनीकी संसाधन की सहायता से कीजिए।

*Or / अथवा*

(b) With the mission of providing potable water to every household on one hand and water scarcity on the face of growing population on the other, throw light on the role being played by the Indian Government for water conservation. Also discuss the scientific and technological developments which have been used by the State of Bihar in fulfilling the objectives of the Central Government. 36

एक तरफ प्रत्येक परिवार को पीने-योग्य जल की उपलब्धता का उद्देश्य एवं दूसरी तरफ बढ़ती आबादी के कारण जल की कमी को ध्यान में रखते हुए, जल संरक्षण में भारत सरकार की भूमिका पर प्रकाश डालिए। साथ ही केन्द्रीय सरकार के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु बिहार राज्य द्वारा अपनाये गये वैज्ञानिक एवं तकनीकी विकास की विवेचना कीजिए।

★★★



Teachingninja.in